राजस्थान में सुशासन

चर्चा में क्यों?

बांसवाड़ा के उमराई स्थति **त्रिपुरा सुंदरी मंदिर परसिर** में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री ने [ग्राम पंचायत](https://www.drishtiias.com/hindi/to-the-points/paper2/panchayati-raj-3) स्तर पर जनसुनवाई करने पर ज़ोर दिया।

- [सुशासन](https://www.drishtiias.com/hindi/to-the-points/paper4/good-governance) पर ज़ोर देना राजस्थान सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्य बिंदु:

- राजस्थान सरकार **राज्य की प्रगति सुनिश्चित करने के लिये** महत्त्वपूर्ण निर्णय ले रही है।
- सरकार की **जनकल्याणकारी योजनाओं एवं निर्णयों को क्रियान्वित करने** तथा **पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका** अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
- CM ने **विकास भारत संकल्प यात्रा** की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिये, मंडल में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
  - **ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित जनसुनवाई** सुनिश्चित की जाए ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के लिये ज़िला मुख्यालय एवं राजधानी तक न आना पड़े।
  - राज्य सरकार की **ज़ीरो टॉलरेंस नीति** के तहत अधिकारियों को **भ्रष्टाचारियों, खनन और भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई** करने का निर्देश दिया गया है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

- यात्रा 15 नवंबर, 2023 को **जनजातीय गौरव दिवस** के अवसर पर शुरू हुई।
- इसका उद्देश्य **सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है।**
  - यात्रा के दौरान विवरण एकत्र करके इन योजनाओं के संभावित लाभार्थियों का नामांकन करना।
- यात्रा के माध्यम से जिन योजनाओं का प्रचार किया जाएगा उनमें [आयुष्मान भारत PMJAY](https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/ayushman-bharat-pm-jay), [PM गरीब कल्याण अन्न योजना](https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/pm-garib-kalyan-ann-yojana), [दीनदयाल अंत्योदय](https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/deendayal-antyodaya-yojana) योजना शामिल हैं।
- विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पाँच **IEC (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन** सरकार के प्रमुख कल्याण कार्यक्रमों का संदेश देंगी।
- 25 जनवरी 2024 तक 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करने का लक्ष्य है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/good-governance-in-rajasthan